## आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
## प्रादेशिक समाचार बुलेटिन

**18.45 रविवार** **दिनांक 07.06.2026**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचारः–**

- **राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग की अध्यक्ष साध्वी निरंजन ज्योति ने आज रायपुर में पिछड़ा वर्ग के विभिन्न समाजों के प्रतिनिधियों से की चर्चा।**
- **रायपुर में आज से शुरू हुआ चार्टर्ड अकाउंटेंट का दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन–राज्यपाल रमेन डेका ने किया उद्घाटन।**
- **फिट इंडिया मूवमेंट के तहत प्रदेश के विभिन्न जिलों में ''सन्डे ऑन साइकिल'' का हुआ आयोजन।**
- **महासमुंद पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से जब्त किया करीब तिरसठ लाख रुपये का गांजा।**

### राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग

राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग की अध्यक्ष साध्वी निरंजन ज्योति ने आज अपने छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान राजधानी रायपुर में पिछड़े वर्ग से संबंधित विभिन्न समाजों के प्रतिनिधियों से मुलाकात की। इस दौरान साध्वी निरंजन ज्योति ने इन प्रतिनिधियों द्वारा बताई गई समस्याओं के अलावा उनकी मांगों और सुझावों पर आवश्यक कदम उठाने का भरोसा दिलाया। अपने प्रवास के दौरान राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग की अध्यक्ष ने राज्यपाल रमेन डेका से लोकभवन में सौजन्य मुलाकात की। वहीं, साध्वी निरंजन ज्योति ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से भी आज रायपुर स्थित उनके निवास कार्यालय में मुलाकात की। इस दौरान दोनों के बीच पिछड़ा वर्ग के कल्याण, सामाजिक न्याय, शैक्षणिक उन्नयन तथा सामाजिक–आर्थिक विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई।

### घरेलू रसोई गैस–कीमत

घरेलू रसोई गैस की कीमत में चौदह किलो दो सौ ग्राम के सिलेंडर पर उनतीस रुपये की वृद्धि की गई है। नई दरें आज रात बारह बजे से लागू हो गई हैं। दिल्ली में आज से घरेलू रसोई गैस की कीमत नौ सौ तेरह रुपये से बढ़कर नौ सौ बयालीस रुपये हो जाएगी। इस बीच, केंद्र सरकार ने कहा है कि अंतरराष्ट्रीय एलपीजी कीमतों में भारी वृद्धि के बावजूद भारतीय घरों को खाना पकाने की गैस वैश्विक स्तर पर सबसे कम कीमतों पर मिल रही है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि भारतीय सिलेंडर की कीमत किसी भी पड़ोसी देश की तुलना में सस्ती है और अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और कनाडा जैसी विकसित अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में काफी कम है।

### खाद्य तेल–मानक पैकिंग

केंद्र सरकार ने कानूनी माप प्रणाली के अंतर्गत खाद्य तेलों के लिए मानक पैकिंग लागू की है। उपभोक्ता कार्य, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने कहा कि संशोधित नियमों के अंतर्गत, प्रमुख खाद्य तेलों के लिए मानक पैक आकार निर्धारित किए गए हैं। स्वीकृत पैक आकार दो सौ ग्राम, पांच सौ ग्राम, एक से पांच किलोग्राम, पंद्रह किलोग्राम और बीस किलोग्राम हैं। इस पहल का उद्देश्य बाजार में विभिन्न पैकेज आकारों की बढ़ती संख्या कम करना है। इससे उपभोक्ताओं के लिए कीमतों की तुलना और सोच–समझकर खरीदारी करना आसान हो जाएगा।

### राज्यपाल–सीए छात्र सम्मेलन

देशभर के चार्टर्ड अकाउंटेंट का दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन आज से रायपुर में शुरू हो गया है। राज्यपाल रमेन डेका ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय सभागार में इस सम्मेलन का उद्घाटन किया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि चार्टर्ड अकाउंटेंट्स का कार्य केवल वित्तीय सलाह तक सीमित नहीं है, बल्कि वे विभिन्न व्यवसायों की सफलता में एक भरोसेमंद मार्गदर्शक की भूमिका भी निभाते हैं। इस सम्मलेन में चार्टर्ड अकाउंटेंट की पढ़ाई कर रहे एक हजार से अधिक विद्यार्थी भाग ले रहे हैं।

**विश्व सायकल दिवस**

विश्व साइकिल दिवस के उपलक्ष्य में आज प्रदेश के विभिन्न जिलों में फिट इंडिया मूवमेंट के तहत ''सन्डे ऑन साइकिल'' का आयोजन किया गया। उपमुख्यमंत्री अरुण साव जगदलपुर में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। इस मौके पर श्री साव ने स्वयं साइकिल चलाकर पर्यावरण संरक्षण और फिट रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम में सांसद महेश कश्यप, महापौर संजय पांडेय और कलेक्टर आकाश छिकारा भी शामिल हुए। वहीं, राज्य के विभिन्न जिलों में 'सन्डे ऑन साइकिल'' के तहत रैली निकाली गई।

**मुंगेली–स्वच्छता अभियान**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र में एनडीए सरकार के बारह वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में देशभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में मुंगेली स्थित जिला अस्पताल में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने अस्पताल परिसर की साफ–सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया।

**आकाशवाणी–विशेष कार्यक्रम**

आकाषवाणी के नब्बे वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य पर आकाषवाणी केन्द्र रायपुर द्वारा कल आठ जून को विषेष कार्यक्रम का प्रसारण किया जाएगा। प्रादेषिक समाचार एकांष द्वारा बनाए गए इस कार्यक्रम का प्रसारण सुबह साढ़े आठ बजे से नौ बजे तक किया जाएगा। छत्तीसगढ़ स्थित आकाषवाणी के सभी केंद्र इस कार्यक्रम को एक साथ प्रसारित करेंगे।

**भाजपा–प्रभारी नियुक्ति**

भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश इकाई ने बस्तर क्षेत्र में तीन विधानसभा प्रभारियों की नियुक्ति की है। वहीं, प्रदेश कार्यसमिति में भी एक नये सदस्य को शामिल किया गया है। पार्टी ने दिनेश कश्यप को बीजापुर और रूपसिंह मंडावी को कोंटा विधानसभ क्षेत्र का प्रभारी बनाया है। वहीं, श्रीनिवास राव मद्दी को बस्तर विधानसभा क्षेत्र का प्रभारी और श्रीनिवास मिश्रा को सह प्रभारी नियुक्त किया गया है। इसके अलावा माया झाड़ी को भाजपा की प्रदेश कार्यसमिति में शामिल किया गया है। वहीं, पार्टी ने उर्मिला तोकल को बीजापुर जिला भाजपा अध्यक्ष का दायित्व सौंपा है।

**विद्यार्थी उत्कर्ष योजना**

छत्तीसगढ़ सरकार ने अनुसूचित जाति और जनजाति वर्ग के ग्रामीण प्रतिभावान विद्यार्थियों के लिए मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति और जनजाति विद्यार्थी उत्कर्ष योजना के तहत प्रवेष प्रक्रिया शुरू कर दी है। योजना के माध्यम से चयनित विद्यार्थियों को प्रतिष्ठित निजी आवासीय विद्यालयों में कक्षा छठवीं से बारहवीं तक निःषुल्क षिक्षा दी जाएगी। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि पंद्रह जून निर्धारित की गई है। चयन परीक्षा पांच जुलाई को होगी। इस वर्ष विषेष पिछड़ी जनजातियों के बच्चों के लिए पहली बार दो प्रतिषत आरक्षण का प्रावधान भी किया गया है।

**गांजा बरामद**

महासमुंद जिले के रेहटीखोल नाके पर पुलिस ने तलाशी के दौरान करीब एक सौ पच्चीस किलो अवैध गांजा जब्त किया है। इसकी कीमत लगभग तिरसठ लाख रुपये बताई गई है। इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार भी किया गया है। मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने ओडिशा से उत्तरप्रदेश जा रहे एक वाहन को तलाशी के लिए रोका। इसमें कटहल की बोरियों के नीचे छिपाकर गांजा रखा गया था। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

**माओवादी सामग्री–बरामद**

दंतेवाड़ा जिले के बारसूर थाना क्षेत्र के अंतर्गत तोड़मा के घने जंगलों में सुरक्षा बलों ने तलाशी अभियान के दौरान विस्फोटक बरामद किए हैं। इसके अलावा माओवादियों की वर्दी और अन्य सामान भी जब्त किए गए हैं। अभियान के बाद सुरक्षा बल के जवान सुरक्षित रूप से अपने शिविर स्थल लौट गए हैं।

## धान खरीदी–गड़बड़ी

दुर्ग जिले के रौंदा स्थित सेवा सहकारी समिति के धान खरीदी केंद्र में गड़बड़ी पाए जाने पर समिति प्रभारी के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार जांच में पांच सौ साठ क्विंटल धान कम पाया गया। वहीं, करीब इक्कीस सौ बारदाने भी कम थे। शिकायत मिलने पर दुर्ग जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के प्रबंधक ने समिति प्रभारी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

## आयुष पांडे–चयन

छत्तीसगढ़ के क्रिकेट खिलाड़ी आयुष पांडे का चयन भारत 'ए' टीम में श्रीलंका दौरे के लिए किया गया है। इसी के साथ वे सीनियर इंडिया ए टीम में जगह बनाने वाले छत्तीसगढ़ के पहले क्रिकेटर बन गए हैं। आयुष ने पिछले रणजी ट्रॉफी सीजन में छत्तीसगढ़ के लिए सात मैचों की तेरह पारियों में संतावन दषमलव तीन की औसत से पांच सौ तिहत्तर रन बनाए थे। इनमें दो शतक और दो अर्धषतक शामिल हैं।

## ट्रेन परिचालन

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के नागपुर मंडल के रसमड़ा स्टेषन पर मालगोदाम लाइन के कमीषनिंग कार्य के लिए नौ से बारह जून तक प्री–नॉन इंटरलॉकिंग और नॉन–इंटरलॉकिंग कार्य किए जाएंगे। इसके कारण कई यात्री गाड़ियां प्रभावित रहेंगी। रायपुर–डोंगरगढ़, डोंगरगढ़–रायपुर सहित आठ डेमू और मेमू गाड़ियां दस और ग्यारह जून को रद्द रहेंगी। वहीं, रायपुर–डोंगरगढ़ और डोंगरगढ़–बिलासपुर पैसेंजर गाड़ियां दुर्ग स्टेषन तक ही संचालित होंगी। रेलवे ने यात्रियों से यात्रा से पहले गाड़ियों की परिचालन स्थिति की जानकारी लेने की अपील की है। इस बीच, बिलासपुर से बेंगलूरु तक एक समर स्पेशल ट्रेन शुरू किया गया है। यह ट्रेन बिलासपुर से बारह जून को चलेगी। इस ट्रेन का ठहराव बिलासपुर, भाटापारा, रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, डोंगरगढ़ और गोंदिया स्टेशनों में दिया गया है।

## मौसम

दक्षिण पश्चिम मानसून के आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां अनुकूल बनी हुई है। इसके अगले तीन से चार दिनों में छत्तीसगढ़ सहित कर्नाटक, तेलंगाना, आंध्रप्रदेश, तमिलनाडु ओडिशा के कुछ भाग में पहुंचने की संभावना है। मौसम विभाग ने कल प्रदेश के एक–दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज–चमक के साथ छींटें पड़ने की संभावना जताई है। वहीं, कुछ स्थानों पर अंधड़ चलने और आकाशीय बिजली गिरने की चेतावनी दी है। मौसम विभाग ने आगामी बारह जून से वर्षा की गतिविधि में वृद्धि होने के आसार जताए हैं।

## संक्षिप्त समाचार

– राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एन.टी.ए ने सोशल मीडिया और मैसेजिंग प्लेटफॉर्म पर नीट–यूजी की पुनर्परीक्षा प्रश्न पत्र के कथित लीक या बिक्री के दावों का खंडन किया है।

– केंद्रीय माध्यमिक षिक्षा बोर्ड–सीबीएसई में अंक सत्यापन और पुनर्मूल्यांकन के लिए आवेदन जमा करने की आज अंतिम तिथि है। सीबीएसई ने बताया कि छात्र आज मध्यरात्रि तक अपने आवेदन जमा कर सकेंगे।

– आज विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस है। इस वर्ष विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस का विषय है – समस्या से समाधान तक – हर जगह सुरक्षित भोजन।

– गौरैला–पेंड्रा–मरवाही जिले में बचे हुए किसानों के एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन के लिए कल पंचायत स्तर पर शिविर लगाया जाएगा।

– सक्ती जिले के लक्ष्मणभांठा गांव में ट्रैक्टर की चपेट में आने से दो व्यक्तियों की मौत हो गई। वहीं, एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई हैं।

– कोरबा जिले में अवैध खनन और परिवहन के खिलाफ खनिज विभाग की विशेष उड़नदस्ता टीम ने पंद्रह स्थानों पर छापा मारकर चौदह वाहन और मशीनें जब्त की हैं।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>